तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार 21 जनवरी 2026

11 ओवरब्रिज से विकास नहीं, विनाश हो रहा है : विधायक



12 ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन का प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### निगम ने 32 बेसहारा पशु भेजे गो-अभ्यारण

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के निर्देशानुसार पर बेसहारा पशुओं को पकड़े जाने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा रहे। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि निगम की टीम ने मंगलवार को मिलगेट, सेक्टर 1-4, रायपुर रोड से 32 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### खंभे पर तार ठीक करता कर्मी मिर्गी के दौरे से बेसुध

**हिसार।** फव्वारा चौक बिजली के खंभे पर चढ़कर तार ठीक कर रहे एक कर्मचारी सुमेश को अचानक मिर्गी का दौरा आ गया और दौरा पड़ते ही वह बेहोश हो गया और तारों के सहारे लटक गया। इस दौरान नीचे खड़े अन्य बिजली कर्मचारी और मौके पर मौजूद लोग घबरा गए, लेकिन हिम्मत दिखाते हुए तुरंत उसे नीचे उतारने का प्रयास शुरू किया। बाद में उसे उपचार के लिए अस्पताल में ले गए, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जाती है।

### खो-खो में हरसोला गांव की टीम रही विजेता

**हांसी।** गांव खरड़ अलीपुर में मंगलवार को बाबा सिंझागिरी खेल कमेटी द्वारा खोखो प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश से आई विभिन्न टीमों ने भाग लिया खो खो प्रतियोगिता में कैथल जिले के हरसोला गांव की टीम ने प्रथम स्थान, खरड़ अलीपुर गांव की द्वितीय तथा मसुदपुर गांव की टीम तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर जिला पार्षद सुदेश रानी, जिला पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप खरड़, कोच कुलदीप मसूदपुर, राममेहर पहलवान, सोनू मालपुर, सुरेंद्र उर्फ काला सरपंच कनोह, करनल पहलवान, शमशेर थानेदार, दलवीर खरब, सुभाष प्रिंसिपल भारत हाई स्कूल के प्रिंसिपल सुभाष चन्द्र, प्रदीप सहरावत, गजे सिंह मास्टर व नरेश खरब सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### लुवास ने बलियाली में दिया डेयरी प्रशिक्षण

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु-विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (आईसीएआर) की योजना के अंतर्गत भिवानी जिले के गांव बलियाली में 5 दिवसीय डेयरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण संयोजक डॉ. आनंद प्रकाश ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 40 महिला प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के समापन अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन अपनाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के समापन समारोह में डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. सतबीर शर्मा, डॉ. सुनील शर्मा, राकेश आदि थे।

### मुफ्त पशुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत पशु विज्ञान केंद्र, सिरसा द्वारा अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए निःशुल्क पांच दिवसीय पशुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गांव भोड़िया खेड़ा, जिला फतेहाबाद में सफलतापूर्वक किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति की महिलाओं को वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से पशुपालन अपनाकर आत्मनिर्भर बनाना एवं उनकी आय में वृद्धि के लिए उन्हें आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषय विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों डॉ. नीलेश सिंधु, डॉ. तरुण, डॉ. सुशील, डॉ. मान सिंह तथा डॉ. जय भगवान द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।

### क्षेत्रीय ढांचा व कार्य योजना जानने के लिए सब टीलों पर कल शुरू होगा काम

# राखीगढ़ी में पहली बार तीन साल चलेगी खुदाई

- भारतीय पुरातत्व विभाग सर्वेक्षण के महानिदेशक वाईएस रावत करेंगे शुभारंभ
- खुदाई के लिए ग्रेटर नोएडा, कुरुक्षेत्र और शिमला यूनिवर्सिटी के करीब 15 छात्र पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



नारनौंद। राखीगढ़ी के टीलें एक पर बनाया गया पॉटरी स्थल।

आईकॉनिक साइट राखीगढ़ी में एक बार फिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग उत्खनन शाखा द्वितीय ग्रेटर नोएडा द्वारा खुदाई का कार्य गुरुवार से शुरू होगा। इसका भारतीय पुरातत्व विभाग सर्वेक्षण के महानिदेशक वाई एस रावत शुभारंभ करेंगे। इस बार सभी टीलों के किनारों पर खुदाई की योजना पर कार्य हो रहा है ताकि पता चल सके कि उन लोगों के बाहरी क्षेत्र का ढांचा कैसा होता था और वे किस प्लान पर कार्य करते थे। शहर या गांव की सुरक्षा को लेकर भी खुदाई अहम मानी जा रही है। खुदाई का कार्य तीन वर्ष तक चलने वाला है, जोकि अलग-अलग चरणों में होगा। खुदाई के लिए ग्रेटर नोएडा, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी और शिमला यूनिवर्सिटी के करीब 15 छात्र यहां पर पहुंच चुके हैं।

हड़प्पाकालीन सभ्यता का ऐतिहासिक गांव राखीगढ़ी एक बार फिर खुदाई को लेकर चर्चित है। जब-जब यहां पर खुदाई हुई है, अनेक ऐसे रहस्यों से पर्दा उठा है। जिसको जानने के लिए पूरी दुनिया बेताब रहती है। सातों टीलों पर अब तक अंदर के भाग पर ही खुदाई की गई है।

अबकी बार इन टीलों के किनारों की सीमाओं पर खुदाई के लिए ट्रेंच बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसको सर्वेयर डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम से तैयार कर रहे हैं। किनारों पर खुदाई करने से उन रहस्य से पर्दा उठाने की कोशिश की जाएगी कि उसे समय लोग गांव या शहर की बाहरी जमीन का उपयोग किस उद्देश्य के लिए करते होंगे। गांवों में सीमाओं की सुरक्षा को लेकर भी खुदाई अहम जा रही है। वे लोग अपनी रक्षा कैसे करते होंगे। सभी बातें अभी तक रहस्य ही बनी हुई हैं। जिनको आने वाले समय में खुदाई की परतों से खोला जाएगा। वैसे तो खुदाई के लिए तीन वर्षों का लाइसेंस मिला है, लेकिन बारिश और ज्यादा गर्मी होने पर खुदाई का कार्य बंद कर दिया जाता है ताकि बारिश से खुदाई के बाद निकले अवशेष नष्ट न हो जाएं। खुदाई की हुई पूरी साइट को पॉलिथीन लगाकर बंद किया जाता है।

#### 1997 में लगी सबसे बड़ी हड़प्पन साइट की मोहर

1997 में जब पहली बार खुदाई हुई थी तो इस बात पर मोहर लग गई थी कि ये पूरी दुनिया की सबसे बड़ी हड़प्पन साइट हैं। यह सभ्यता शुरू में ग्रामीण होती थी। वे लोग पशु भी रखते थे। उसके बाद इसके शहरी होने के भी प्रमाण मिल चुके हैं। हजारों साल पहले भी बड़े पैमाने पर उन लोगों का विदेशों से अलग-अलग वस्तुओं का व्यापार भी होता था। सबसे पहले गोलाकार आकार के मिट्टी से बने हुए मकान थे। उसके बाद करीब छह हजार साल पहले कच्ची ईटों का प्रचलन शुरू हुआ और फिर उन्हें ईटों को पकाकर पक्के मकान बनाने की शुरुआत हुई थी। मकान बनाने की तकनीक वैसे ही होती थी जैसा कि आज हम शहरी क्षेत्र में मकान बनाते हैं।

#### टीलों के किनारे ट्रेंच लगाकर होगी खुदाई

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण उत्खनन शाखा द्वितीय ग्रेटर नोएडा के उप अधीक्षण पुरातत्वविद भूपेंद्र सिंह फोनिया ने बताया कि अबकी बार टीलों के किनारों पर ट्रेंच लगाकर खुदाई की जाएगी। ताकि पता चल सके कि उसे सभ्यता के लोग किनारों पर किस चीज का प्रयोग करते थे। खुदाई के लिए तीन वर्षों का लाइसेंस मिला है, लेकिन खुदाई अलग-अलग चरणों में की जाएगी। कुछ छात्र आ चुके हैं और जैसे ही खुदाई का कार्य शुरू होगा बाकी भी छात्र आ जाएंगे।

#### जानिए... राखीगढ़ी में खुदाई कब-कब हुई

राखी गढ़ी में पहली बार खुदाई साल 1997 से 2000 तक भारतीय पुरातत्व विभाग के डायरेक्टर अमरेंद्र नाथ की अगुवाई में हुई थी। दूसरी बार डेक्कन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर वसंत शिंदे ने साल 2003 से 2006 तक की थी। तीसरी बार भी प्रोफेसर वसंत शिंदे के नेतृत्व में वर्ष 2013 से 2016 तक अलग अलग टीलों पर की गई। उसके बाद 2020 से लगातार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग दिल्ली के संयुक्त महानिदेशक डॉ संजय कुमार मंजुल के नेतृत्व में जून 2025 तक की गई।

### खड़े डंपर से टकराई बाइक, एक की मौत

**हिसार।** तोशाम रोड पर सोमवार रात सड़क पर खड़े डंपर से एक बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार गांव लाडवा निवासी श्यामलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक डंपर को मौके पर डंपर को छोड़कर फरार हो गया। मृतक श्यामलाल मजदूरी करता था। उसके चार बच्चे हैं।

## मां-बेटे का पोस्टमार्टम, डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज

**हिसार।** सिरसा रोड स्थित तेजा मार्केट के पास सोमवार शाम हादसे का शिकार बने बाइक सवार मां-बेटे के शवों का मंगलवार को नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम किया गया। उधर, इस मामले में पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बता दें कि गांव कुलेरी निवासी राजबाला अपने बेटे हिमांशु के साथ सोमवार को सुबह बाइक पर सवार होकर बहन से मिलने के लिए गांव मंगाली में गई थी। वे दोनों शाम को बाइक पर मंगाली से वापस गांव कुलेरी जा रहे थे। वे तेजा मार्केट के पास एक डंपर ने बाइक को साइड मार दी। जिस कारण हिमांशु का संतुलन बिगड़ गया और दोनों सड़क पर जा गिरे। इसी दौरान डंपर के पिछले टायरों के नीचे आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया था।

### अतिक्रमण करने वालों पर निगम की सख्ती

# रेलवे स्टेशन के पास और बाजारों में की अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटवाती नगर निगम की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

अतिक्रमण करने वालों पर नगर निगम प्रशासन ने पूरी सख्ती की हुई है। हालात यह है कि सरकारी अवकाश के दिन भी निगम कर्मचारी अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंच जाते हैं। अतिक्रमण के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का राजगुरु मार्केट में असर दिखाई भी देने लगा है। उधर, पटेल नगर मार्केट में अतिक्रमण की समस्या को देखते निगम प्रशासन द्वारा मुनादी करवाई गई है। जल्द ही वहां से बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। निगम का मानना है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर के प्रमुख मार्गों और बाजारों में सुचारू आवागमन सुनिश्चित करना तथा आम नागरिकों को होने वाली असुविधा से राहत दिलाना है। निगम के कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि मंगलवार को अभियान की शुरुआत रेलवे स्टेशन क्षेत्र से की गई, जहां से दो रेहड़ियों सहित दुकानदारों का अवैध रूप से रखा गया सामान जब्त किया गया। इसके बाद टीम ने राजगुरु मार्केट में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अभियान के तहत तालाकी गेट स्थित लोकल बस स्टैंड के आसपास से भी अतिक्रमण हटाया गया।

#### पटेल नगर मार्केट में कराई मुनादी

पटेल नगर मार्केट में दुकानदारों को अपनी दुकान की निर्धारित सीमा के भीतर ही सामान रखने को लेकर मुनादी कराई गई। टीम ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में दुकान की परिधि से बाहर सामान पाया गया तो नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा, तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा अपनी टीम के साथ, पशु पकड़ो अभियान की टीम तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### वीएलडीडी के रिजल्ट में देरी का विरोध

# लुवास में छात्रों ने शुरू किया बेमियादी धरना



हिसार। लुवास परिसर में धरना देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही से छात्रों का भविष्य अंधकार में : हरिकेश ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में मंगलवार को छात्रों ने अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। यह धरना वीएलडीडी फर्स्ट ईयर (2024-25) का रिजल्ट लंबे समय से जारी न होने के विरोध में दिया जा रहा है। धरनारत विद्यार्थियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द छात्रों की मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो इस आंदोलन को और तेज किया जाएगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

इससे पूर्व धरने को संबोधित करते हुए इनसो के छात्र नेता हरिकेश ढांडा ने बताया कि आमतौर पर विश्वविद्यालय में परीक्षा के बाद लगभग एक महीने के अंदर रिजल्ट घोषित हो जाता है, लेकिन इस बार प्रथम वर्ष का रिजल्ट महीनों बीत जाने के बावजूद अब तक जारी नहीं किया गया है।

### यूपी से 2022 में चोरी बाइक हांसी में पकड़ी आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** वाहन चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान अपराध शाखा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को काबू किया है। चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़े गए आरोपी की पहचान उत्तरप्रदेश के हाथरस जिले हरबल गढ़ी निवासी प्रमोद के रूप में हुई है। एएसआई राजेन्द्र कुमार ने बताया कि वह पुलिस टीम के साथ शेखपुरा बस स्टैंड पर नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान बिना नंबर की एक मोटरसाइकिल सवार को जांच के लिए रोका गया तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके बाद मोटरसाइकिल की चेसिस नंबर के आधार पर चालानिंग मशीन से जांच की गई तो यह मोटरसाइकिल 17 जून 2022 को उत्तर प्रदेश से चोरी होना पाया गया। पुलिस द्वारा आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# बायोमेडिकल व बल्क वेस्ट निस्तारण को लेकर किया प्लांट का निरीक्षण

- विशेष स्वच्छता अधिकारी ने कचरे के वैज्ञानिक और सुरक्षित निपटान की प्रक्रिया को परखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। निरीक्षण के दौरान दिशा-निर्देश देते विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह।

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, बल्क वेस्ट जेनरेटर के कचरे और बायो मेडिकल वेस्ट के उचित निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह ने कचरा निस्तारण करने वाली एजेंसियों के प्लांट का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण शहर में उत्पन्न हो रहे विभिन्न प्रकार के कचरे के वैज्ञानिक और सुरक्षित निपटान की प्रक्रिया को परखने के लिए किया गया। इस दौरान सीटीएल प्रदीप जाखड़ व तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुंडू मौजूद रहे।

विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह ने बताया कि सेक्टर 27-28 में स्थित सनरजी एजेंसी द्वारा शहर के विभिन्न अस्पतालों, नर्सिंग होम और स्वास्थ्य संस्थानों से आने वाले बायो मेडिकल वेस्ट को एकत्रित कर उसका निस्तारण करती है।

उन्होंने एजेंसी की कार्यप्रणाली, सुरक्षा मानकों, कचरे के संग्रहण, छंटाई और निस्तारण की प्रक्रिया का गहनता से जायजा लिया गया। उन्होंने कहा कि बायो मेडिकल वेस्ट का सही तरीके से निस्तारण न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक है, बल्कि यह आम नागरिकों के स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इसके अलावा स्वच्छता विशेष अधिकारी ने शहर के ब्लक वेस्ट जरनेटरों के कचरे का निस्तारण करने वाली एजेंसी के प्लांट का भी निरीक्षण किया। बल्क वेस्ट जेनरेटर्स में सिनेमा हॉल, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे, बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान और अन्य संस्थान शामिल हैं, जहां से बड़ी मात्रा में कचरा उत्पन्न होता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि एजेंसी द्वारा कचरे की छंटाई का कार्य किया जा रहा है और इसके लिए आवश्यक ढांचा तैयार किया जा चुका है।

एजेंसी द्वारा पिट का निर्माण भी पूरा कर लिया गया है और शीघ्र ही प्लांट में नियमित रूप से कचरा निस्तारण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

#### निर्धारित डस्टबिन में ही कचरा डालें अस्पताल

विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह ने सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों को निर्देश दिए कि वे कचरे को निर्धारित डस्टबिन में ही डालें। हरे डस्टबिन में गीला कचरा, नीले में सूखा कचरा, पीले में सेनेटरी कचरा तथा काले डस्टबिन में हानिकारक कचरा डालना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि कचरे को एजेंसी को देते समय भी उसे अलग-अलग श्रेणियों में ही सौंपा जाए, ताकि उसका सही और सुरक्षित निस्तारण किया जा सके। इसी प्रकार बल्क वेस्ट जेनरेटर को भी ये निर्देश दिए गए हैं।

### राजकीय कॉलेज में अंतर महाविद्यालय राज्य कुश्ती चैंपियनशिप

# महिला और पुरुष पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। कुश्ती मुकाबला शुरू करवाती अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निर्मला बूरा।

गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में चल रही इंटर कॉलेज राज्य कुश्ती चैंपियनशिप के दूसरे दिन प्रदेश के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी महाविद्यालयों तथा यूटीडी की कुल 22 टीमों के महिला व पुरुष पहलवानों ने दांव पेंच दिखाए।

उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा स्पॉन्सर्ड इस चैंपियनशिप में खिलाड़ियों को उत्साह बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी निर्मला बूरा उपस्थित रहीं। फाइनल मुकाबले 21 जनवरी को होंगे। पारितोषिक वितरण समारोह में मास्टर एथलेटिक्स ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर ढिल्लो बतौर मुख्यातिथि विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे तथा भाजपा के हांसी के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी समारोह की अध्यक्षता करेंगे। अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी निर्मला बूरा ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए पसीना बहाना पड़ता है क्योंकि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कड़ी मेहनत से ही मंजिल हासिल की जा सकती है।

#### ये रहे परिणाम

कुश्ती चैंपियनशिप के आयोजन सचिव एवं शारीरिक शिक्षा के विभागाध्यक्ष डा सुखबीर सिंह दूहन ने परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि अंतर महाविद्यालय कुश्ती चैंपियनशिप के दूसरे दिन ग्रीको रोमन स्टाइल में कृष प्रथम, नीरज द्वितीय व विजय तृतीय, 63 किलोग्राम में दीपांशु प्रथम, सुखविंदर द्वितीय व पंकज तृतीय, 67 किलोग्राम में साहिल प्रथम, अभिषेक द्वितीय व सुमित तृतीय तथा 60 किलोग्राम में अभिषेक प्रथम, सागर द्वितीय व गुलशन तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा , 72 किलोग्राम में सोनू प्रथम, राजीव द्वितीय व बलराम तृतीय, 77 किलोग्राम में शौकीन प्रथम, राहुल द्वितीय, 82 किलोग्राम में दिगविजय प्रथम, साहिल द्वितीय व राम तृतीय, 87 किलोग्राम में ईनामत प्रथम रक्षित, द्वितीय व सुनील तृतीय, 97 किलोग्राम में तुषार प्रथम, आशीष द्वितीय व आदित्य तृतीय और 130 किलोग्राम में सौरभ प्रथम, अमन द्वितीय व विवेक तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में 50 किलोग्राम भार वर्ग में करुणा प्रथम, दीक्षा द्वितीय व अलका रानी तृतीय, 53 किलोग्राम में रितिका प्रथम, मुस्कान द्वितीय व किरण तृतीया, 55 किलोग्राम में शीतल प्रथम, कफी द्वितीय व मीनू तृतीय, 57 किलोग्राम में नीतू प्रथम, मंजू द्वितीय व सीमा तृतीय, 59 किलोग्राम तमन्ना प्रथम, खुशी द्वितीय व संजू तृतीय, 62 किलोग्राम में माही प्रथम, अंकित द्वितीय व मुस्कान तृतीया, 65 किलोग्राम में विश्व प्रथम, कोमल द्वितीय व अंजलि तृतीय, 68 किलोग्राम में रितु प्रथम व अनु द्वितीय, 72 किलोग्राम में तनीषा प्रथम व ऐना द्वितीय तथा 76 किलोग्राम में शिक्षा प्रथम व रिया द्वितीय स्थान पर रही।





# श्रेयस होंगे पलाश की फिल्म के लीड हीरो

**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर, डायरेक्टर पलाश मुछाल पिछले दिनों क्रिकेट स्मृति मंधाना से टूटी अपनी शादी को लेकर चर्चा में रहे। लगभग दो महीने बाद वह काम पर लौटे हैं। जल्द ही एक अनाम फिल्म निर्देशित करेंगे। इस फिल्म में लीड रोल में बॉलीवुड के एक नामी अभिनेता नजर आएंगे। पलाश मुछाल ने अपनी एक अनाम फिल्म की घोषणा की है। इस फिल्म को वही निर्देशित करेंगे। इसकी कहानी एक आम आदमी की जिंदगी पर आधारित होगी। फिल्म में लीड रोल एक्टर श्रेयस तलपदे निभाएंगे। पलाश मुछाल पहली बार किसी फिल्म का निर्देशन नहीं कर रहे हैं। वह पहले भी 'अर्ध' और 'काम चालू है' जैसी फिल्में बना चुके हैं।

लाइफ Style



# समीरा

## संजय के साथ शेयर कीं 2006 की यादें

बॉलीवुड के सितारे इन दिनों साल 2016 की यादें शेयर कर रहे हैं। ऐसे में अभिनेत्री समीरा रेड्डी एक कदम आगे बढ़ गई हैं। उन्होंने 2006 की यादें शेयर की हैं। उन्होंने 'मुसाफिर' के साथी कलाकार संजय दत्त के साथ 20 साल पहले की तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह संजय दत्त के साथ एक तस्वीर दिखाते हुए कहती हैं कि 2016 का ट्रेंड क्यों फॉलो करें। चलो 2006 में चलते हैं। इसके बाद वीडियो में संजय दत्त नजर आते हैं। संजय दत्त हंसते हैं और समीरा रेड्डी उनसे गले मिलती हैं। वीडियो के कैप्शन में समीरा ने लिखा है '20 साल पहले के संजय दत्त के साथ। वह अभी भी उसी तरह हैं।' वीडियो में 'मुसाफिर' का गाना 'ओ साकी' बज रहा है। संजय गुप्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मुसाफिर' (2004) में अनिल कपूर, आदित्य पंचोली, महेश मांजरेकर और शक्ति कपूर भी अहम भूमिकाओं में थे। कोएना मित्रा ने इस फिल्म से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। यह अमेरिकन फिल्म 'यू टर्न' (1997) की रीमेक थी। समीरा रेड्डी अपनी अपकमिंग फिल्म 'चिमनी' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इसमें वह काली का किरदार निभाती नजर आएंगी। समीरा 'मैंने दिल तुझको दिया', 'रेस' और 'टैक्सी नंबर 9211' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। संजय दत्त हाल ही में फिल्म 'द राजा साब' और 'धुरंधर' में नजर आए हैं। वह जल्द ही 'धुरंधर 2' और 'राजा शिवाजी' का हिस्सा होंगे।

## हॉलीवुड मसाला




# पीचनो संग नजर आए नूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के 85 साल के दिग्गज एक्टर अल पचीनो और उनकी 53 साल छोटी एक्स-गर्लफ्रेंड नूर अल्फल्लाह फिर से साथ आ गए हैं? यह सवाल इसलिए कि लॉस एंजिल्स में दोनों को एकसाथ डिनर पर देखा गया है। इसके बाद से ही उनके रिश्ते की मौजूदा स्थिति के बारे में अटकलें लगने लगी हैं। 32 साल की नूर अल्फल्लाह दिग्गज एक्टर के बेटे की मां भी हैं। साल 2023 में नूर ने बेटे रोमन को जन्म दिया। लेकिन, फिर दोनों की राहें अलग हो गईं।



# मुंबई में परफॉर्म करेंगे लिंकिन समेत 40 आर्टिस्ट

**मुंबई।** लोलापालूजा इंडिया 2026 में 24 से 25 जनवरी को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में वापसी कर रहा है। जिसमें चार स्टेजों पर 40 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ अब तक की सबसे बड़ी परफॉर्मेंस होगी। लोलापालूजा इंडिया 2026 मुंबई में फिर से आ रहा है, जिसमें लिंकिन पार्क, प्लेबॉय कार्टि और 40 से ज्यादा कलाकार शामिल होंगे। यह संगीत महोत्सव अपने चौथे साल में महालक्ष्मी रेसकोर्स पर होगा। मुंबई दो दिनों के लिए दुनिया भर के संगीत का केंद्र बन जाएगा। कार्यक्रम 24 जनवरी (शनिवार) और 25 जनवरी (रविवार) को होगा। चार मंचों पर 40 से ज्यादा विदेशी और भारतीय कलाकार 20 घंटे से अधिक लाइव संगीत देंगे। इस साल की सबसे बड़ी बात है रॉक बैंड लिंकिन पार्क का भारत में पहली बार आना। वे दूसरे दिन मुख्य शो करेंगे। यह उनका भारत में पहला प्रदर्शन होगा।




# कोहरा-2 ओटीटी पर 11 को होगी रिलीज

**मुंबई।** ओटीटी पर 'कोहरा' की अपार सफलता के बाद, बरुण सोबती और उनकी टीम एक नए सीजन 'कोहरा 2' के साथ वापसी कर रहे हैं। इस बार मोना सिंह एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में शो में शामिल हो रही हैं। मंगलवार को निर्माताओं ने 'कोहरा 2' की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 'कोहरा 2' 11 फरवरी 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू हो जाएगा। यह सीरीज केवल नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। मेकर्स ने एक 'कोहरा 2' का नया पोस्टर शेयर किया। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'धुंध में सच खो जाता है, आइए इस नए शहर में सच को ढूंढें।' यह सीरीज क्राइम, रहस्य और ड्रामा से भरी होगी। पॉपुलर वेब सीरीज 'कोहरा' का दूसरा सीजन अब वापस आ रहा है। पहला सीजन काफी पसंद किया गया था।



# फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 47 दिनों बाद भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। फिल्म ने कमाई के कई कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। दर्शकों से लेकर कई सेलेब्स तक ने 'धुरंधर'की जमकर तारीफ की है। हालांकि, फिल्म की पॉलिटिक्स को लेकर एक बहस चलती रही। अब निर्देशक करण जौहर ने फिल्म की जमकर तारीफ करने के बाद, फिल्म की पॉलिटिक्स पर भी अपनी राय रखी है। करण ने ये माना कि फिल्म को लेकर जनता की राय बंटी हुई है और दर्शकों का एक वर्ग इसके राजनीतिक रुख से सहमत नहीं है। हालांकि, निर्माता ने माना कि उन्हें फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। सच कहूं तो मुझे फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। करण ने कहा कि सिनेमा के छात्र के रूप में उन्हें रणवीर सिंह अभिनीत यह फिल्म बहुत पसंद आई थी।

## टीवी मसाला



# दिव्या गणेश ने जीती 'बिग बॉस तमिल सीजन-9' की ट्रॉफी

**मुंबई।** कई दिनों तक टीवी और सोशल मीडिया पर 'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को लेकर चले हाई-वोल्टेज ड्रामा, टॉफ टास्क और इमोशनल मूमेंट के बाद, विजय सेतुपति द्वारा होस्ट किए गए इस 9वें सीजन का ऑफिशियल एंड हो चुका है। इस सीजन की विनर एक्ट्रेस दिव्या गणेश रहीं। ये एक ऐसा सीजन था, जिसने दर्शकों को तीन महीने से अधिक समय तक शो से बांधे रखा। बीते साल 5 अक्टूबर, 2025 को शुरू हुए इस 9वें सीजन में 20 कंटेस्टेंट ने पार्टिसिपेट किया, जिनमें से चार और कंटेस्टेंट बाद में वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप घर में आए थे। इस सीजन में जैसे-जैसे हफ्ते बितते गए, वैसे-वैसे ग्रुप बदलते गए और ये गेम और भी ज्यादा इंटेंस होता चला गया। वहीं, सीजन के अंत में इस गेम में मात्र चार फाइनलिस्ट को चुना गया, जिसमें दिव्या गणेश, सबरीनाथन, विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर का नाम था। बिग बॉस तमिल सीजन 9' के सभी कंटेस्टेंट को पछाड़कर ग्रैंड फिनाले में एक्ट्रेस दिव्या गणेश ने ट्रॉफी को अपने हाथों से लिफ्ट किया। उन्होंने ट्रॉफी के साथ-साथ इस सीजन की विनिंग मनी 50 लाख रुपए को भी अपने नाम किया। विनिंग मनी के साथ उन्हें एक बिल्कुल नई मारुति सुजुकी विक्टोरिया कार गिफ्ट की गई। वहीं, सबरीनाथन 9वें सीजन के रनर अप रहीं, जबकि विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर दूसरे और तीसरे नंबर पर रनरअप रहे।'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को एक्टर विजय सेतुपति ने दूसरी बार होस्ट किया, इससे पहले उन्होंने पिछले सीजन को भी शानदार तरीके से शुरू किया था। उनसे पहले, 2017 में शुरू हुए इस शो को सुपरस्टार कमल हासन द्वारा 7 सीजन होस्ट किए गए।

## नागिन और तुलसी में जबरदस्त टक्कर

**नई दिल्ली।** पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा। इसकी टीआरपी 2.3 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर



तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में तुलसी के कैरेक्टर की विरानी परिवार में वापसी हुई। सीरियल 'नागिन 7' इन दिनों दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इस सीरियल ने पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बनाई है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है। कुछ हफ्तों में ही इस सीरियल ने अपने लिए टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। इस साल के पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा' सीरियल तीसरे नंबर पर रहा। इस बार इसे 2.1 की रेटिंग मिली है। यह 'नागिन 7' से पीछे रहा। जबकि पिछले साल की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा'सीरियल ने हमेशा ही पहले और दूसरे नंबर पर अपने लिए जगह बनाई थी।

# धुरंधर के सीक्वल का नाम 'धुरंधर: द रिवेंज'

**मुंबई।** अक्षय खन्ना, रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, राकेश बेदी जैसे कलाकारों से सजी 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 46 दिन बाद भी टिकी हुई है। इस मूवी का दो महीने बाद दूसरा पार्ट भी आएगा, जिसको लेकर फैंस अभी से ही एक्साइटेड हैं। अब इसके टाइटल को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। 'धुरंधर 2' का नाम 'धुरंधर द रिवेंज' रखा गया है। साथ ही सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म के सीक्वल के टीजर को हरी झंडी दिखा दी है, जिसका समय 1 मिनट से ज्यादा का है। साथ ही मूवी को ए सर्टिफिकेट दे दिया गया है, जिसे 'बॉर्डर 2' के साथ दिखाया जाएगा। सनी देओल और रणवीर सिंह की फिल्म देशभक्ति पर हैं और इसी का फायदा



जियो स्टूडियोज की टाम उठाना चाह रही है। 'धुरंधर' के अंत में दिखाए गए क्रेडिट नोट से नया टीजर लिया गया है और उसे बड़े पर्दे पर दिखने के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी जारी किया जाएगा। 'धुरंधर' में जहां अक्षय खन्ना के किरदार रहमान डकैत की मौत हो जाती है। वहीं खबर है कि वह 'धुरंधर द रिवेंज' में भी दिखाई देंगे। उन्होंने एक हफ्ते अपने हिस्सा की शूटिंग भी की है। इनके अलावा, रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, सारा अर्जुन दिखाई देंगे। पहले पार्ट ने अब तक भारत में 826.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। वहीं वर्ल्डवाइड इसने 1283.5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।

### 19 मार्च को होगी रिलीज

आदित्य धर की डायरेक्टेड फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' 19 मार्च को थिएटर्स में ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसका क्लैश यश की 'टॉक्सिक' से होगा। जिसके टीजर के आने के बाद इंटरनेट पर दोनों के फैंस दो गुटों में बंट गए थे। दोनों ही बड़ी फिल्में हैं और दोनों का अलग कलेवर। अब देखना होगा कि किसकी चित होती है और किसकी पट।

# रहस्यमयी फिल्म अस्सी का पोस्टर बना पहेली, फरवरी में होगी रिलीज

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक फिल्म का अनाउंसमेंट लोगों का ध्यान खींच रहा है। इसमें रिलीज डेट के सिवाय कुछ भी बताया नहीं गया है। टाइटल के नाम पर लिखा है अस्सी। यह मूवी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। एक्स पर कई एंटरटेनमेंट हैंडल्स और क्रिटिक्स ने इसका पोस्टर शेयर किया है। अस्सी के साथ में एक पहेलीनुमा हिंट है साथ ही अर्जेंट देखने की अपील भी है। मंगलवार को वायरल हुआ एक फिल्म का पोस्टर लोगों के दिमाग में कुलबुलाहट पैदा कर रहा है। लाल रंग के पोस्टर पर लिखा है, अस्सी। प्रतिदिन। हर दिन। साथ में मैसेज है, अगर आपको पता होता कि ये क्या है। एक दिन में अस्सी बार। हर दिन। हर बीस मिनट में और जब सच में आपको पता चलता है तो बहुत तेज हिट करता है, बहुत तेज। अस्सी, 20 फरवरी को सिनेमाघरों में। तुरंत देखनी चाहिए। इस अनाउंसमेंट की खास बात ये है कि इसमें एक्टर, डायरेक्टर, प्रोडक्शन हाउस किसी भी चीज की जानकारी नहीं दी गई है। अनाउंसमेंट पर डिसकशन शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया पर कई लोग लिख रहे हैं कि यह अलग




तरह की मार्केटिंग स्ट्रैटजी है। लोग इस बात पर भी हैरानी जता रहे हैं कि फिल्म की कास्ट में कोई बड़ा चेहरा नहीं दिखाया गया है। अस्सी को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है लेकिन अब तक पता नहीं चल पाया कि 20 फरवरी को थिएटर्स में क्या देखने को मिलेगा। पोस्ट शेयर करने वालों ने लिखा है कि इससे जुड़ी और डिटेल्स बाद में शेयर की जाएगी। 20 फरवरी को सिद्धांत चतुर्वेदी की दो दीवाने एक शहर में रिलीज हो रही है। वहीं 13 फरवरी को शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की ओ रोमियो रिलीज हो रही है।

## 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन को मिली गुमनाम मौत

# अमिताभ संग बनी हिट जोड़ी, 2 फिल्मों में बयां हुई प्यार की कहानी

### नवाब परिवार से था ताल्लुक

परवीन बॉबी किसी सामान्य परिवार से नहीं आती थीं, उनका संबंध एक नवाब परिवार से था। पिता वली मोहम्मद खान बॉबी जूनागढ़ के आखिरी नवाब थे। परवीन बॉबी का जन्म अपने माता-पिता की शादी के 14 साल बाद हुआ। 4 अप्रैल 1954 को जूनागढ़ के सौराष्ट्र (अब गुजरात में) के शाही परिवार में वह जन्मी थीं। 54 कमरों की हवेली में उनका लालन-पालन हुआ। पढ़ाई भी सेंट जेवियर्स जैसे नामी कॉलेज से हुई। पढ़ाई के बाद परवीन बॉबी ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआती की। परवीन का मॉडलिंग करियर 1971 में शुरू हुआ, यही एक फिल्ममेकर की नजर उन पर पड़ी और फिल्मी सफर की कहानी शुरू हुई।

### बिग बी संग की कई हिट फिल्में

1973 में फिल्म 'चरित्र'से परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में कदम रखा। पहली फिल्म में उनकी एक्टिंग, ब्यूटी को सराहा गया। परवीन के पास फिल्मों के ऑफर आने लगे। परवीन बॉबी ने अमिताभ बच्चन के साथ लगभग 8 से 10 फिल्में की, जो काफी हिट रहीं। इसमें 'अमर अकबर एंथोनी' से लेकर 'दीवार' और 'कालिया' जैसी फिल्में शामिल थीं। सिर्फ अमिताभ ही नहीं, शशि कपूर, संजय खान जैसे कई नामी एक्टर्स के साथ परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर अभिनय किया।



*__नई दिल्ली।__ सिर्फ 18 साल का फिल्मी कॅरियर और 70 फिल्में करके भी परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में सफलता की ऊंचाइयों को हासिल किया। फिर अचानक वह बॉलीवुड से गायब हो गईं। एक दिन इस चर्चित एक्ट्रेस की मौत की खबर ने फैंस और बॉलीवुड को हिलाकर रख दिया। दो दिन तक अखबार और घर का सामान दरवाजे पर ही पड़ा रहा, किसी ने दो दिन तक घर का दरवाजा नहीं खोला। सोसायटी के सेक्रटी को संदेह हुआ कि कुछ दिक्कत है। पुलिस को फोन किया गया। घर का दरवाजा खोला गया, सामने का नजारा विचलित करने वाला था, बॉलीवुड की सबसे मशहूर और सुंदर अदाकारा मृत पड़ी थीं। नाम था, परवीन बॉबी। 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन बॉबी को एक गुमनाम मौत मिली।*

### लव लाइफ को लेकर भी रही खूब चर्चा

परवीन बॉबी बडे पर्दे पर बोल्ड रोल करने के लिए भी जानी जाती थीं, उन्होंने एक बोल्ड एक्ट्रेस की इमेज से भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। अपनी लव लाइफ को भी एक्ट्रेस ने कभी छुपाया नहीं। पहले वह एक्टर डैनी डेन्जोंगपा के साथ रिलेशनशिप में रहीं। जब दोनों का ब्रेकअप हुआ तो वह कबीर बेदी के साथ रिश्ते में आईं। आगे चलकर इनकी राहें भी जुदा हो गईं। फिर महेश भट्ट और परवीन बॉबी का अफेयर भी कुछ वक्त तक रहा। इस रिश्ते के दौरान ही महेश भट्ट को पता चला कि परवीन बॉबी सिजोफ्रेनिया नाम की मानसिक बीमारी से ग्रस्त हो चुकी हैं। महेश भट्ट ने मेडिकल हेल्प के जरिए परवीन बॉबी की मदद करने की कोशिश की। लेकिन, इस बीमारी ने परवीन बॉबी का जीवन मुश्किल कर दिया। वह उन चीजों को देखतीं या महसूस करती थीं, जो सच में नहीं होती थीं। उन्हें लगता था कि हर कोई उन्हें मारना चाहता है।

### जिंदगी पर बनीं ये दो फिल्में

परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर ही अभिनय नहीं किया, उनकी जिंदगी के एक अहम पहलू पर फिल्में तक बनीं। डायरेक्टर महेश भट्ट ने 1982 में फिल्म 'अर्थ'लिखी और डायरेक्ट की। यह फिल्म कथित तौर पर परवीन बॉबी के साथ उनके रिश्ते पर एक सेमी-ऑटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। अर्थ में स्मिता पाटिल का किरदार कविता, परवीन बॉबी से इंस्पायर था। इसके अलावा महेश भट्ट बैनर तले एक फिल्म 'वो लम्हें' बनीं, इस फिल्म को मोहित सूरी ने निर्देशित किया था, यह फिल्म भी परवीन बॉबी के आखिरी वर्षों की जिंदगी से इंस्पायर बताई जाती है। दोनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स से लेकर दर्शकों ने खूब पसंद किया।

### क्या था मौत का कारण?

परवीन बॉबी अकेली रहा करती थीं, उम्र भी 50 साल हो चुकी थीं, बॉलीवुड की लाइमलाइट से वह दूर थीं। इसी बीच 22 जनवरी 2005 वह अपने घर में मृत मिलीं। जांच के बाद पता चला कि उनकी मौत 20 जनवरी 2005 को हुई थी। ऑटोप्सी में सामने आया था कि मौत से पहले कई दिनों उन्होंने कुछ नहीं खाया था, साथ ही उन्हें डायबिटिज की भी समस्या थी। पुलिस ने परवीन बॉबी की मौत में किसी तरह की गड़बड़ी या शक से इंकार किया। ऑटोप्सी रिपोर्ट्स में उनकी मौत का कारण ऑर्गन फेलियर ही बताया गया।

## खबर संक्षेप

### नितिन नबीन के नियुक्ति पर भाजपाई ने मनाया जश्न

**बरवाला।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पदभार संभालने पर हरियाणा में कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इसी कड़ी में भाजपा हरियाणा के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया के खरक पुनिया स्थित फार्म हाउस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच फूलों की होली खेलकर और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया।इस अवसर पर मार्केट कमेटी बरवाला के चेयरमैन प्रवीण सैनी, मनोज उर्फ मोनू संदूजा, विपिन लोहिया, राजेश पूनिया, नरेन्द्र पुनिया, कमल हंदूजा, राजेश सलूजा, अनूप सैनी आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा राज में नशा व अपराध चरम पर : पूनिया

**हिसार।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं ऑल इंडिया राहुल गांधी कांग्रेस कमेटी के सदस्य वजीर सिंह पूनिया ने आरोप लगाया है कि भाजपा राज में नशा और अपराध बेलगाम है लेकिन सरकार मौन और लाचार है। बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि पुलिस का खौफ भी उनके ऊपर से खत्म हो गया है। वजीर सिंह पूनिया ने कहा कि आए दिन बदमाशों द्वारा फिरौती मांगने, नशा बेचने व पुलिस को धमकिया देने के साथ-साथ पुलिस पर गाड़ियां तक चढ़ाने का प्रयास किया जाता है लेकिन उन पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होती। इसी के चलते बदमाशों के हौंसले दिन—प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे हैं।

### विवाह शगुन जरूरतमंदों के लिए राहत : डीसी

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों, दिव्यांगजनों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लिए एक प्रभावी और कल्याणकारी पहल है। इस योजना के माध्यम से बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता देकर सरकार सामाजिक समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रही है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के पात्र परिवारों से आह्वान किया कि वे सरकार की इस योजना का लाभ उठाकर अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित बनाएं।

### पोस्टर बनाकर लोगों को नशा न करने का दिया संदेश

**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को एनएनएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। एनएनएस प्रभारी सुमन कुमारी ने स्वयंसेवकों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए उन्हें सभी प्रकार के नशों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद नशा मुक्ति विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ साथ वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इंटरनेट की दुनिया और युवा विषय पर जगरूप सिंह प्राध्यापक मास कम्युनिकेशन द्वारा छात्रों को नशाना करने के लिए जागरूक किया।

### बृजलाल ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह से की मुलाकात

**हिसार।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित जिलाध्यक्षों की 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान ग्रामीण जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह एवं सह-प्रभारी प्रफुल्ल पटेल से शिष्टाचार भेंट कर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की। इस अवसर पर सिरसा से जिलाध्यक्ष संतोष बेनीवाल एवं कैथल से जिलाध्यक्ष रामकिशन गुर्जर से भी बातचीत की। सभी ने कांग्रेस संगठन को और सशक्त बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया। इसी क्रम में राहुल गांधी द्वारा संगठन सृजन प्रशिक्षण के तहत एक 21 जनवरी को शिविर में जिलाध्यक्षों के परिवारजनों को भोजन पर आमंत्रित किया गया है।

## व्यवहारिक जीवन जीने की प्रेरणा देती है गीता : स्वामी

# गीता से हम जान सकते हैं कि जीवन को कैसे जीना चाहिए : मनीषी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्रीमद्भगवद् गीता केवल अतीत के समय का कोई धार्मिक ग्रंथ नहीं है। अपितु यह धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है। भगवद गीता जीवन जीने की व्यवहारिक प्रेरणा देता है। गीता एक दर्शन व दर्पण है। जिसमें झांक कर हम जान सकते हैं कि जीवन क्या है व जीवन को कैसे जीना है। गीता में किसी प्रकार की जाति, धर्म, वर्ग, वर्ण, संप्रदाय का कोई भेद नहीं है। गीता हर प्राणी के लिए है। यह बातें एसडी महिला महाविद्यालय में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की तरफ से आयोजित तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के दूसरे दिन गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों की व्याख्या करते हुए जीवन प्रबंधन के गूढ़ रहस्यों को सांझा किया। उन्होंने कहा कि एक बात निश्चित समझे की हम सबके भीतर परमात्मा की चेतना है। उन्होंने कहा कि गीता केवल कुरुक्षेत्र के मैदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर उस व्यक्ति के लिए है जो अपने जीवन के द्वंद्वों में अर्जुन की तरह फंसा हुआ है।



हांसी। दिव्य गीता सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित करते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज। फोटो : हरिभूमि

### तनाव का मुख्य कारण कर्म से अधिक फल की इच्छा करना

उन्होंने कहा कि आज समाज में तनाव का मुख्य कारण कर्म से अधिक फल की इच्छा करना है। यदि हम अपने कर्तव्य को सेवा भाव से करें, तो मानसिक शांति स्वतः ही प्राप्त हो जाती है। उन्होंने उपस्थित लोगों, विशेषकर युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आधुनिकता की दौड़ में अपने बुजुर्गों और संस्कारों को पीछे न छोड़ें। उन्होंने संदेश दिया कि जिस घर में गीता का पाठ और बड़ों का सम्मान होता है, वहां साक्षात प्रभु का वास होता है।

### यह रहे उपस्थित

इस दौरान बवानी खेड़ा विधायक कपूर सिंह वाल्मिकी, विधायक विनोद भयाना, सौरभ उठड़ा, अग्रोहा विकास ट्रस्ट के प्रधान विनय जैन, नगर परिषद के वाइस चेयरमैन अनिल बंसल, चेयरमैन दिनेश धवन, कमलेश गर्ग, आश्रम के प्रधान भवनेश ऐलावादी सहित कृष्ण कृपा परिवार से जुड़े हांसी, हिसार, भिवानी, फतेहाबाद, जींद व रोहतक से पहुंचे श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गाय की सेवा से मिलते है आध्यात्मिक, लौकिक व परलौकिक लाभ

# गीता मनीषी ज्ञानानंद स्वामी ने गोशाला में किया गीतायज्ञ

■ भारतीय संस्कृति और शास्त्रों में गाय को मां के समान पूज्यनीय माना गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

क्लीन हांसी एंड ग्रीन हांसी सेवा समिति द्वारा मंगलवार को पुरानी मार्केट कमेटी स्थित बेसहारा गोशाला में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा गीता यज्ञ का आयोजन किया गया। गीता यज्ञ में विधायक विनोद भयाना ने मुख्य अतिथि व अध्यक्षता मार्केट कमेटी चेयरमैन दिनेश धवन ने शिरकत की। इस अवसर पर विधायक विनोद भ्याना ने बताया कि यह गोशाला शहर के बीच में होने के कारण शहरवासियों को चारा डालना व गोसेवा करने का पूरा-पूरा अवसर मिलता है।

इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने अपने संबोधन में कहा भारतीय संस्कृति और शास्त्रों में गाय को मां के समान पूजनीय माना गया है; गाय में सभी देवी-देवताओं का वास, ममता, करुणा और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है, जिसकी सेवा से आध्यात्मिक, लौकिक और पारलौकिक लाभ मिलते हैं, और दूध, दही, घी, गोमूत्र व गोबर सभी उपयोगी होते हैं, जो आरोग्य और सुख प्रदान करते हैं।



हांसी। गोशाला में गीता-यज्ञ करते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद स्वामी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधान सुरेश बंसल, उप-प्रधान श्याम मखीजा, सचिव प्रेम वर्मा, गुलशन, बंटी, सत्यपाल बंसल, राकेश बहार, कमल किशोर शास्त्री, जमना दास गोयल, राजेन्द्र गर्ग, सुभाष गर्ग, विजय सिसर वाले, पवन शर्मा, अरूण आर्य, वेद नारंग, राजीव शर्मा, जगमोहन शर्मा, दीपक मित्तल, चन्द्रभान मक्कड़, लक्की, सतीश मित्तल, रामनिवास शर्मा, संजय भुटानी आदि मौजूद रहे।

### मोटरसाइकिल चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार, बाइक बरामद

**आदमपुर।** पुलिस ने रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी आदमपुर निवासी अनिल कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले में जांच अधिकारी मुख्य सिपाही दीपेंद्र सिंह ने बताया कि ख़ैरमपुर निवासी विपिन चंद्र पाल ने 15 जनवरी को आदमपुर स्थित एक स्कूल के सामने से उसकी रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उपरोक्त आरोपी अनिल कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी शुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस रिकार्ड के मुताबिक आरोपी पर पहले लूट, चोरी और एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित है जो न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी को पूछताछ उपरांत अदालत में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में शुरू हुआ नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान

■ पाबड़ा के मुख्य चबूतरे से प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर तक निकाली भव्य कलश यात्रा, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पांडवकालीन प्रसिद्ध प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर के नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के लिए पाबड़ा के मुख्य चबूतरे से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में पाबड़ा, किनाला, कंडूल, खैरी, फरीदपुर पंचग्राम व अन्य क्षेत्रों से काफी संख्या में महिलाओं व पुरुष श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सभी श्रद्धालु मां चण्डके देवी की जय का उदघोष करते हुए आगे बढ़े। पाबड़ा की विभिन्न गलियों से घूमते हुए कलश यात्रा प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर पहुंची। इस दौरान पूरा पाबड़ा ग्राम देवी-देवताओं के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कलश यात्रा के दौरान स्वामी धर्मानंद सरस्वती जी महाराज हरिद्वार वाले, मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित आनंद शास्त्री, मां चण्डके देवी सेवा समिति के सदस्य, सरपंच, पूर्व सरपंच, नंबरदार, गोशाला प्रधान, ब्राह्मण, प्रतिष्ठित गणमान्य लोग व काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। मां चण्डके देवी सेवा समिति प्रधान जगदीश तायल ने बताया कि पाबड़ा के प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में 27 जनवरी तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान के तहत सहस्त्र चंडी पाठ, शिव महारुद्राभिषेक, हनुमान चालीसा पाठ व सुंदरकांड पाठ एवं संतोषी माता व शनि देव का जाप किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिदिन अटूट भंडारे की व्यवस्था भी रहेगी।



हिसार। प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर की कलश यात्रा में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण।

### नए अध्यक्ष के नेतृत्व में और मजबूती से काम करेगी पार्टी : आशा


**हिसार।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने वरिष्ठ नेता नितिन नबीन को सर्वसम्मति से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने का स्वागत किया है। उनका कहना है कि नए अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी और मजबूती से काम करेगी। डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि पार्टी ने वरिष्ठ नेता नितिन नबीन सर्वसम्मति से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता व जमीन से जुड़े हुए हैं। उनका हर कार्यकर्ता व हर क्षेत्र में गहरा प्रभाव है। उनकी सेवाओं, निष्ठा व मेहनत को देखते हुए पार्टी ने उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने का स्वागत किया है।

# संत महापुरुषों की वाणी सब पर समान ज्ञानामृत की वर्षा करते हैं : स्वामी कृष्णानंद


■ साध संगत को अपनी वाणी व शब्दों के माध्यम से किया निहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दरबार साहेब स्वामी दीप्तानंद अवधूत आश्रम खरड़ अलीपुर में सतगुरु बंदी छोड़ हरिहरानंद जी महाराज के 11वें निर्वाण महोत्सव के अवसर पर 108 हवन महायज्ञ में दूर-दूर से आए संत महापुरुषों व भक्त जनों ने संपूर्ण आहुति में भाग लिया। सतगुरु बंदी छोड़ घीसा संत जी महाराज के ग्रंथ साहेब के 108 अखंड पाठ का संपूर्ण भोग स्वामी कृष्णानंद महाराज के सानिध्य में स्वामी अमृतानंद महाराज, स्वामी जितेंद्रानंद महाराज, स्वामी संजय ब्रह्मचारी, स्वामी रामानंद जी महाराज,स्वामी सतवीरानंद आदि अनेक महापुरुषों, साध संगत व पाठियों की उपस्थिति में विधिपूर्वक संपन्न किया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में संत, महंत, महामंडलेश्वर, शब्द गायकार, संगीतकार और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर सभी संत महापुरुषों ने साध संगत को अपनी वाणी से निहाल करते हुए ज्ञान अमृत की वर्षा की। गुरुकुल के बच्चों ने भी अपनी सनातन संस्कृति की एक सुंदर रचना पेश कर सबका मन मोह लिया।



हिसार। समारोह में उपस्थित स्वामी कृष्णानंद व अन्य।



हिसार। आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेती छात्राएं व अन्य।

### शिविर में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में मंगलवार को महिला प्रकोष्ठ व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान तीन दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आरम्भ हुआ। यह शिविर महाविद्यालय के हॉस्टल परिसर में आयोजित किया गया। इस शिविर में हरीश प्रशिक्षक के तौर पर शामिल हुए। आत्म रक्षा प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं ने कुछ मूलभूत तकनीक जैसे पंच, किक आदि सीखे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतबीर सांगा ने छात्राओ को प्रोत्साहित करते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने पर जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अगर हम अंदरूनी तौर पर स्वस्थ हैं तो हम बाहरी कठिनाइयों का सामना बहादुरी से के सकते हैं। इस शिविर के दौरान भारत सरकार के आयुष विभाग द्वारा चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के तहत सूर्य नमस्कार का भी अभ्यास किया गया । इसमें छात्राओं के साथ साथ महाविद्यालय के स्टाफ ने भी सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया।

# ओवरब्रिज के कारण नागरिकों को तय करनी पड़गी दो किमी की अतिरिक्त दूरी: विधायक

■ रेलवे अंडरपास की मांग को लेकर धरनास्थल पर पहुंचे विधायक का सरकार पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

रेलवे अंडरपास की मांग को लेकर चल रहा धरना पांचवें दिन में प्रवेश कर गया। इस अवसर पर हलका विधायक नरेश सेलवाल धरनास्थल पर पहुंचे और आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े किए। विधायक ने कहा कि ओवरब्रिज से क्षेत्र का विकास नहीं बल्कि विनाश हो रहा है। विधायक ने कहा कि ओवरब्रिज बनने से स्थानीय नागरिकों को दो किलोमीटर तक अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी, तभी वे थाना, सामान्य अस्पताल, रेलवे स्टेशन और अन्य आवश्यक स्थानों तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि यदि अंडरपास नहीं बनाया गया तो यात्रियों के लिए रेल में सफर करना भी मुश्किल हो जाएगा, क्योंकि स्टेशन तक सीधी पहुंच ही नहीं बचेगी। विधायक ने अपनी राजनीतिक स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि वे विपक्ष में हैं और उनकी भूमिका आवाज उठाने तक सीमित है। उन्होंने कहा कि मैं आपकी बात विधानसभा तक जरूर पहुंचाऊंगा।



उकलाना। रेलवे अंडरपास की मांग को लेकर धरना देते क्षेत्रवासी।

### संगठनों का समर्थन, आंदोलन तेज करने का ऐलान

धरना स्थल पर मौजूद वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि जब तक अंडरपास निर्माण की मांग पूरी नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। जरूरत पड़ने पर इसे और तेज किया जाएगा। धरने में कपूर सिंह, जयसिंह गोदारा, बलजीत नंबरदार, कामरेड हरदीप सिंह, चंद्रभान सेलवाल सरदार जगजीत सिंह हरविंदर सिंह टूर, रिंकू, प्रमुख समाजसेवी कुलदीप सिंह, कुलवंत सिंह, दर्शन सिंह, जय सिंह मुगलपुरा, जगबीर सिंह, नीरज बंसल, कमल सिंगला, बलवान सिंह मंगल सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश

■ फार्मर आईडी से किसानों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि एग्रीस्टैक प्लेटफॉर्म के अंतर्गत बनाई जा रही फार्मर आईडी किसानों की पहचान को सुरक्षित करने के साथ-साथ उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारी मिशन मोड में कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एग्रीस्टैक फार्मर आईडी का मुख्य उद्देश्य किसानों को सरकार की योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराना है। इस आईडी के माध्यम से किसानों को बैंक ऋण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल क्षतिपूर्ति, खाद-बीज तथा कृषि अनुदान आधारित विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि कृषि से जुड़ी किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य होगा। उपायुक्त ने कि फार्मर आईडी बनाने के लिए किसान को सबसे पहले हरियाणा फार्मर रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर जाकर अपना अकाउंट बनाना होगा।



महेंद्र पाल, डीसी, हिसार।

# 6 फरवरी से कुरुक्षेत्र में राज्यस्तरीय पशु प्रदर्शनी

■ 50 हजार से अधिक पशुपालकों के पहुंचने की संभावना, तैयारियों में जुटा पशुपालन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कुरुक्षेत्र में 6 से 8 फरवरी तक 41वीं राज्यस्तरीय पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में प्रदेशभर से करीब 1500 उत्कृष्ट नस्ल के पशु लाए जाएंगे, जबकि 50 हजार से अधिक पशुपालकों और आम लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। पशु प्रदर्शनी में कुल 53 कैटेगरी के पशु शामिल किए जाएंगे। इनमें 7 कैटेगरी की भैंसें, 23 कैटेगरी की गाय और सांड, 7 कैटेगरी के घोड़े और गधे, 2 कैटेगरी के ऊंट, 8 कैटेगरी की भेड़ तथा 6 कैटेगरी की बकरी और सुअर शामिल हैं। यह विविधता प्रदर्शनी को और अधिक आकर्षक बनाएगी।

### पशुओं के चयन के लिए टीम गठित

पशुपालन एवं डेयरी विभाग के महानिदेशक डॉ प्रेम सिंह ने प्रदेश के सभी जिलों के डिप्टी डायरेक्टरों को समय रहते सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश जारी किए हैं। पशुओं के चयन के लिए प्रत्येक जिले में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है, जिसमें उपनिदेशक हिसार, संबंधित उपमंडल अधिकारी तथा पशु चिकित्सक शामिल हैं। यह टीम विभिन्न मानकों के आधार पर केवल अच्छी और शुद्ध नस्ल के पशुओं का चयन करेगी। चयनित पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने के लिए टीकाकरण की पुष्टि की जाएगी। इसके बाद प्रत्येक पशु के कान पर 12 अंकों का यूनिक टैग नंबर लगाया जाएगा।

### पशुओं के लाने और ले जाने के लिए विभाग




डॉ. रविंद्र सहरावत, उपनिदेशक

पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविंद्र सहरावत ने बताया कि इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले पशुपालकों को पशुओं के लाने और ले जाने के लिए मानदेय के साथ-साथ परिवहन खर्च भी विभाग की ओर से दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में शामिल होने वाले सभी चिन्हित पशुओं का विभाग द्वारा पंजीकरण किया जाएगा। पशुओं को दिया गया 12 अंकों का टैग ही उनकी एंट्री का आधार होगा। इसके साथ ही पशुपालकों को अपने साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति और परिवार पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा।

### पशुपालकों के लिए 600 बसों की व्यवस्था की

राज्यस्तरीय पशु प्रदर्शनी को लेकर विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। पशुपालकों की सुविधा के लिए विभाग ने 600 बसों की व्यवस्था की है, ताकि विभिन्न जिलों से आने वाले पशुपालक आसानी से प्रदर्शनी स्थल तक पहुंच सकें। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य पशुपालकों को उन्नत नस्लों, आधुनिक पशुपालन तकनीकों और विभागीय योजनाओं से अवगत कराना है।



हांसी। मीटिंग में भाग लेते विभिन्न स्कूलों के संचालक।

### हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 27 जनवरी को

**हांसी।** सिसाय रोड हांसी में स्थित हिन्दू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हांसी प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा कक्षा दसवीं की बोर्ड पाठ्यक्रम प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। हांसी प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान रविंद्र अत्री ने बताया कि हांसी व आसपास के क्षेत्रों के स्कूलों के सहयोग से 27 जनवरी को प्रतिभा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा में प्रदेश भर के सरकारी, गैर सरकारी, हरियाणा शिक्षा बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड के अधीन किसी भी स्कूल का भी विद्यार्थी भाग ले सकता है। उन्होंने बताया कि लिखित परीक्षा का समय 1.30 घंटे का रहेगा और प्रत्येक विद्यालय एक ग्रुप में 5 बच्चे शामिल कर कितने भी ग्रुप भेज सकते है और जिस विद्यालय द्वारा परीक्षा के लिए जितने ग्रुप भेजे जाएंगे उनके उतने ही टोकन इलेक्ट्रिक स्कूटी के ड्रा के लिए डाले जाएंगे और परीक्षा समापन के बाद ही ड्रा निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा का संचालन प्रवीण अग्रवाल करेंगे। परीक्षा संयोजक संदीप सांपला व संघ संरक्षक अनिल कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 11000 रुपये, गोल्ड मैडल, स्मृति चिन्ह, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 5100 रुपए, सिल्वर मैडल दिए गए।

### व्यापारी व उद्योगपतियों में भय का माहौल : गर्ग

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने व्यापारी वउद्योगपतियों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि हरियाणा में अपराधी जेलों में व विदेश में बैठकर खुले आम फायरिंग करके फिरौती मांग रहे हैं। जिसके कारण हरियाणा में व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता में पूरी तरह से भय का माहौल है। अपराधियों द्वारा झज्जर में डॉक्टर से 2 करोड रुपये की फिरौती मांगने, पानीपत, यमुनानगर, कैथल, हिसार, रोहतक, गुरुग्राम, फरीदाबाद, जींद, कुरुक्षेत्र, अंबाला, फतेहाबाद आदि जिलों में फिरौती व मंथली मांगने से जनता में बड़ा भारी रोष है। अपराधी अपना अलग-अलग नाम से गैंग चलाकर फिरौती मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपराधी जेल में बैठकर गैंग के माध्यम से व्यापारियों से फिरौती मांग रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### साइबर वित्तीय ठगी की सूचना तुरंत 1930 पर दें

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों के दृष्टिगत जिला वासियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होती है तो इसकी तत्काल सूचना केंद्रीय गृह मंत्रालय की हेल्पलाइन 1930 पर दें, ताकि समय रहते नुकसान को रोका जा सके। उपायुक्त ने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन से लोग कई बार सोशल मीडिया पर दिखने वाले भारी छूट, लॉटरी और इनाम से जुड़े फर्जी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं।

### टेकफेस्ट 'कोनार्क-26' गुजवि में 16 फरवरी से

**हिसार।** गुजवि के पंडित दीनदयाल इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर के अंतर्गत इंटर यूनिवर्सिटी टेकफेस्ट 'कोनार्क-26' का आयोजन 16 से 18 फरवरी तक होगा। इस टेकफेस्ट की मेजबानी विश्वविद्यालय के पीडीयूआईआईसी की टीम आई-कनेक्ट करेगी। पीडीयूआईआईसी के निदेशक प्रो. ओम प्रकाश सांगवान ने बताया कि 'कोनार्क-26' में देशभर से विभिन्न शिक्षण संस्थानों के दो हजार से अधिक विद्यार्थी भाग लेंगे। इस फेस्ट में सस्टेन हैकाथॉन, आइडियाथॉन, विजनाथॉन, एआई स्प्रिंट, क्राउन फॉर कोड, ब्रेन बेटल्स, केड मास्टर्स, रूब गोल्डबर्ग मशीन तथा रोबोमेश रनर आदि तकनीकी प्रतियोगिताएं होंगी।

### एसयूसीआई की सरकार के फैसले पर आपत्ति

**हिसार।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट के राज्य सचिव राजेंद्र सिंह एडवोकेट व राज्य सचिव मंडल सदस्य मेहर सिंह बांगड़ ने कहा कि हरियाणा पंचायत राज संस्थान अधिनियम में संशोधन के रास्ते ग्राम सभा की बैठक के लिए 40 प्रतिशत की ग्राम सभा सदस्यों की अनिवार्य उपस्थिति सरकार का यह फैसला वस्तुत पंचायती राज संस्थान को पंगु करने की साजिश है। सरकार का यह फैसला पंचायती राज संस्थान को ध्वस्त करेगा। इससे विकास कार्य ठप होंगे। इस संशोधन से पहले प्रदेश के पंच, सरपंचों से राय भी नहीं ली गई। एसयूसीआई नेताओं की मांग है कि इस फरमान को तुरंत वापस लिया जाए।

### नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से उत्साह

**हिसार।** भाजपा नेता सतीश मेहता ने कहा कि नितिन नबीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन भाजपा के अब तक के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जहां 45 साल का एक युवा भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा में आम कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। यही असली लोकतंत्र है। नितिन नबीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने का देश की राजनीति में एक दूरगामी असर देखने को मिलेगा।

### इनेलो किसानों व जनता की सच्ची हितैषी: ज्यानी

**आदमपुर।** युवा इनेलो नेता वजीर ज्यानी व अशोक यादव ने कहा कि इनेलो ही किसानों व जनता की सच्ची हितैषी है वर्तमान में इनेलो ही किसान, मजदूर व जनता के हितों की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल ने अपना सारा जीवन किसान मजदूर व कमरे वर्ग की लड़ाई में अर्पित कर दिया तथा गरीब आदमी को ऊंचा उठाने का काम किया तथा लालू यादव, नीतीश कुमार, वीपी सिंह जैसे नेताओं को महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचाया। इनेलो नेताओं दावा किया कि 30 जनवरी को हिसार में होने वाला युवा सम्मेलन में आदमपुर हलके से हजारों युवा भाग लेंगे।

## जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करेंगे हांसी में ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में 26 जनवरी को जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। नवगठित हांसी जिला के पहले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को फहराएंगे तथा भव्य परेड की सलामी लेंगे।

उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय और अनुशासित ढंग से आयोजित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज गति से पूर्ण की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि समारोह की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटियां निर्धारित कर दी गई हैं।

उपायुक्त ने बताया कि सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करना सुनिश्चित करें। समारोह स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, मंच व्यवस्था, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पेयजल, चिकित्सा सुविधा सहित अन्य आवश्यक प्रबंधों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से 24 जनवरी को राजकीय महाविद्यालय परिसर में फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। इस रिहर्सल में परेड में शामिल सभी टुकड़ियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस लोकतंत्र, संविधान और राष्ट्रीय एकता का पर्व है, जिसे पूरे उत्साह, गौरव और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया जाएगा। जिला प्रशासन का प्रयास है कि समारोह आमजन के लिए प्रेरणास्रोत बने और देशभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त करे।



हांसी। गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की रिहर्सल करते स्कूली विद्यार्थी।

### नारनौंद में विधायक विनोद भयाना करेंगे ध्वजारोहण

**नारनौंद।** उपमंडल परिसर प्रांगण में 26 जनवरी को उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। समारोह में विधायक विनोद भयाना बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। एसडीएम विकास यादव ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य, गरिमामय और अनुशासित ढंग से आयोजित करने के लिए प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज गति से पूर्ण की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि समारोह की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटियां निर्धारित कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करना सुनिश्चित करें। समारोह स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, मंच व्यवस्था, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पेयजल, चिकित्सा सुविधा सहित अन्य आवश्यक प्रबंधों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## किसानों को समय पर सूचना मिलने से होगा फायदा: प्रो. काम्बोज

## हकृवि का नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के साथ हुआ समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन कृषि क्षेत्र से संबंधित तमाम नवीनतम जानकारियां, प्रौद्योगिकियां, नवाचार और मौसम से संबंधित सूचनाओं के प्रचार एवं प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके द्वारा न केवल विश्वविद्यालय की नवीनतम शोध एवं तकनीक संबंधी जानकारियां किसानों को समय पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं बल्कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याणार्थ क्रियान्वित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों को भी प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा रहा है। यह विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बीआर काम्बोज ने सामुदायिक रेडियो स्टेशन के साथ नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड पानीपत के साथ हुए समझौता ज्ञापन के दौरान व्यक्त किए। प्रो. काम्बोज ने बताया कि 'पीएम-प्रणाम संतुलित उर्वरक, पोषक तत्व प्रबंधन' विषय पर विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के माध्यम से कार्यक्रमों के संचालन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा समझौता किया गया है। समझौते के तहत विश्वविद्यालय नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के सहयोग से पीएम प्रणाम योजना के तहत रासायनिक उर्वरकों के उचित उपयोग से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। कुलपति ने बताया कि इसके प्रचार प्रसार से किसान समय पर रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करके भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ा सकेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. एसके पाहुजा, आईपीआर सेल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. कृष्ण यादव, डॉ. सुबे सिंह, डॉ. हवा सिंह, डॉ. जितेन्द्र भाटिया, डॉ. अनुराग सहित नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के अधिकारीगण मौजूद रहे।



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ वैज्ञानिक व कंपनी के सदस्य।

### हकृवि के पास 7 सामुदायिक रेडियो स्टेशन

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है जिसके पास अपने सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन हैं। इन स्टेशनों में सिरसा, हिसार, जींद, पानीपत, रोहतक, झज्जर व कुरुक्षेत्र शामिल हैं। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सभी रेडियो स्टेशन अपने-अपने क्षेत्र में वैज्ञानिक वार्ताओं, प्रगतिशील किसानों की कहानियां, मनोरंजन गानों तथा रागनियों के माध्यम से रासायनिक खादों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं।

### 180 प्रोग्राम किए जाएंगे प्रसारित

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव ने बताया कि उपरोक्त समझौते के तहत प्रत्येक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा एक वर्ष के दौरान 30 मिनट की अवधि के 180 प्रोग्राम प्रसारित किए जाएंगे। इस योजना के तहत विश्वविद्यालय को एनएफएल की ओर से 50 लाख 40 हजार रूपए दिए जाएंगे। ज्ञात रहे कि विश्वविद्यालय का इससे पहले एनएफएल के साथ समझौता हुआ था जिसके माध्यम से सामुदायिक रेडियों स्टेशनों द्वारा 935 कार्यक्रम प्रसारित किए गए। समझौते से प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में भी मदद मिली है।

### समझौते पर किए हस्ताक्षर

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव व सह विस्तार निदेशक डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने हस्ताक्षर किए, जबकि नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड की ओर से मानव संसाधन विकास के डिप्टी मैनेजर कुलवंत सिंह पँवार और वित्तीय एवं प्रबंधन में असिस्टेंट मैनेजर कुनिका ठाकुर ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन का प्रदर्शन



बरवाला। नारेबाजी करते ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो: हरिभूमि

**बरवाला।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन द्वारा बिजली निगम के प्रांगण में लगातार दूसरे दिन उपमंडल अधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करके प्रदर्शन किया गया। इसका संचालन सब यूनिट सचिव राधेश्याम व अध्यक्षता प्रधान अश्वनी पूनिया द्वारा की गई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि उपमंडल अधिकारी कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ कोई बात करने के लिए तैयार नहीं है। बल्कि कर्मचारियों को ज्यादा परेशान करने की कोशिश कर रहा है और कर्मचारी उपमंडल अधिकारी के अड़ियल रवैया के कारण प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो रहे है। प्रदर्शन में राज्य कार्यकारिणी से उपप्रधान सूबे सिंह कादयान ने अपने संबोधन में कहा कि उपमंडल अधिकारी द्वारा यूनियन के प्रतिनिधियों से बातचीत करना भी उचित नहीं समझा है और अपनी सीट पर भी बहुत कम उपस्थित रहते हैं। इसके कारण कर्मचारी और जनता परेशान रहते हैं और कार्यालय के चक्कर काटते रहते हैं। प्रदर्शन के माध्यम से उपमंडल अधिकारी को चेताया गया है कि अगर उपमंडल अधिकारी संगठन व कर्मचारियों की मांगों को नहीं मानता है तो इस आंदोलन को और भी तेज किया जा सकता है।

## मनरेगा सहयोग मंच का प्रदर्शन

- नई व्यवस्था का विरोध, हड़ताल के लिए डीसी को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच ने 11 फरवरी को मनरेगा मेट और मजदूरों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उपायुक्त हांसी राहुल नरवाल के माध्यम से एक नोटिस भेजा गया। प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता हांसी जिला प्रधान कृष्ण कुमार सुलचानी ने की।

मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार सुलचानी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा लाई जा रही नई व्यवस्था वीबी (जी राम जी) की निंदा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह नई व्यवस्था मनरेगा को समाप्त करने की मंशा से लाई गई है। मंच की प्रमुख मांगों में केंद्र और राज्य का अंशदान 60:40 से बढ़ाकर 90:10 करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, पूरे वर्ष रोजगार की गारंटी, 700 रुपए प्रतिदिन मजदूरी, मनरेगा में कार्यरत सभी कर्मचारियों और मेट को स्थायी करना, मजदूर की दुर्घटना में मृत्यु पर 25 लाख मुआवजा और एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग की गई है।



जिला सचिवालय में प्रदर्शन करते अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच के सदस्य।

### 11 फरवरी को हड़ताल का ऐलान

सुलचानी ने कहा कि यह नई व्यवस्था मजदूरों के रोजगार की गारंटी को खत्म करती है। इसके तहत, काम देने का अधिकार फंड की उपलब्धता पर निर्भर करेगा, जो मजदूर विरोधी कदम है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ऐलान किया कि 11 फरवरी को देशभर में मनरेगा से जुड़े सभी मेट और मजदूर हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान उपायुक्त कार्यालयों, उप मंडल कार्यालयों, तहसील कार्यालयों, बीडीपीओ कार्यालयों और पंचायत कार्यालयों पर प्रदर्शन किए जाएंगे। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपेंगे। राम अवतार सुलचानी ने ठेकेदारों को नहरों, राजवाहों और नालों की मिट्टी निकालने व सफाई जैसे कार्य दिए जाने का भी विरोध किया।

## विश्वविद्यालयों के नॉन टीचिंग कर्मचारी 28 को करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारतीय मजदूर संघ से संबंधित नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ की आपातकालीन ऑनलाइन मीटिंग हुई। मीटिंग की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश संयोजक रणबीर बांगड़वा ने की। मीटिंग में भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला भी विशेष रूप से शामिल हुए। मीटिंग में प्रदेश भर के विश्वविद्यालयो के अध्यक्ष, संयोजक व अन्य पदाधिकारियों ने भागीदारी की बैठक में वक्ताओं ने बताया कि 14 अगस्त 2024 में राज्य सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत प्रदेश भर में कार्यरत 1.20 लाख कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा अधिनियम 2024 देने की बात कही थी। उसको सरकार ने पूर्ण किया। लेकिन जब 25 दिसंबर 2025 को सुशासन दिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जॉब सिक्योरिटी पोर्टल लॉन्च किया तो उसमें जानकारी मिली दी गई कि विश्वविद्यालयों में लगे किसी भी कर्मचारी को यह सुरक्षा नहीं मिलेगी। नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री विजय नियाणा ने बताया कि28 जनवरी को प्रत्येक विश्वविद्यालय में रोष प्रदर्शन किया जाएगा।

**जॉब सिक्योरिटी एक्ट को लागू करने की मांग**

### ये रहे मौजूद

ऑनलाइन मीटिंग में नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ के प्रदेश संयोजक रणबीर बांगड़वा, प्रदीप एचएयू हिसार, कुलदीप कैथल विवि, प्रवीण कुरुक्षेत्र विवि, प्रदीप, कुलदीप चौधरी बंसीलाल विवि भिवानी, जगदीश लूना सीडीएलयू सिरसा, देव प्रकाश आईजीयू मीरपुर रेवाड़ी, मदन कुमार दादा लख्मीचंद विवि रोहतक, विजय कुमार जीजेयू हिसार, सतीश कुमार महाराणा प्रताप विवि करनाल, मोहित आयुष विवि कुरुक्षेत्र, सुरजीत डॉ. भीमराव अंबेडकर सोनीपत आदि थे।

## मोबाइल की दुकान से चोरी के दो आरोपी काबू

**नारनौंद।** राखी खास में मोबाइल फोन की दुकान का ताला तोड़कर मोबाइल फोन व अन्य सामान चुराने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी हुआ सामान भी बरामद कर लिया है। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 16 जनवरी को शिकायतकर्ता फूलकुमार निवासी राखी खास ने थाना नारनौंद में शिकायत दी थी कि उसकी गांव राखी खास में उसकी तमन्ना मोबाइल नाम से दुकान है, जिसकी रात के समय अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दुकान का शटर तोड़कर मोबाइल फोन चोरी कर लिए थे। शिकायत पर केस दर्ज किया गया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपितों गांव गामड़ा निवासी मनीष उर्फ वजीर और सुनील उर्फ पुन्ना को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से तीन चोरी किए हुए मोबाइल फोन, एक लोहे की रॉड, दो ब्लूटूथ डिवाइस तथा चोरी में प्रयोग किया गया मोटरसाइकिल बरामद किया। इसके अलावा उनसे की गई पूछताछ के दौरान कबूल किया कि चार जनवरी को जींद से एक मोटरसाइकिल भी चोरी किया था।



### साक्षी को प्रश्नोत्तरी में मिला द्वितीय स्थान

**हिसार।** हरियाणा सरस्वती हैरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा सरस्वती नदी की विरासत पर गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में एक इंटर-कॉलेज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में प्रश्नोत्तरी में राजकीय महिला महाविद्यालय की द्वितीय वर्ष की छात्रा साक्षी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार के प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने छात्रा को बधाई दी। इस अवसर पर लोक-प्रशासन विभागाध्यक्ष डॉ. विजेन्द्र बेनीवाल और इतिहास विभागाध्यक्ष महेंद्र गोस्वामी भी उपस्थित रहे।

## 120 विद्यार्थियों को सिखाए सॉफ्ट स्किल

- गुजवि में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयके ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा अनुदीप फाउंडेशन के सहयोग से तीन दिवसीय सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण-सह-कैंपस भर्ती प्रशिक्षण (सीआरटी) कार्यक्रम संपन्न हो गया है। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में 120 अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को विभिन्न सत्रों में दो बैचों में प्रशिक्षित किया गया। मॉड्यूल में पब्लिक स्पीकिंग, प्रेजेंटेशन स्किल्स, ई-मेल और टेलीफोन एटीकेटी, ग्रूमिंग, बॉडी लैंग्वेज, ग्रुप डिस्कशन, रिज्यूमे और कवर लेटर लिखना, लिंक्डइन प्रोफाइल बनाना, नौकरी खोजने की रणनीतियां, करियर पथ जागरूकता, व्यक्तिगत और ऑनलाइन साक्षात्कार की तैयारी और लचीलापन विकसित करना शामिल रहे। इन सत्रों का आयोजन अनुदीप फाउंडेशन के अनुभवी और प्रमाणित प्रशिक्षकों-किरण और स्वपन नायर द्वारा किया गया।



हिसार। प्रशिक्षकों के साथ विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि



### राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक विजेता तमन्ना को किया सम्मानित

**हांसी।** महाराष्ट्र के संभाजी नगर में 15 से 18 जनवरी तक आयोजित 69वें राष्ट्रीय स्कूली खेलों की तलबार बाजी प्रतियोगिता में हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता कुमारी तमन्ना का मंगलवार को नींबो देवी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिसाय में पहुंचने पर विद्यालय प्रधानाचार्य व अध्यापकों द्वारा नोटों की मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर विद्यालय स्टाफ द्वारा कुमारी तमन्ना की माता सुमन सिहाग का भी फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस सम्मान समारोह में विद्यालय प्रधानाचार्य वीरेंद्र बेनीवाल, शारीरिक शिक्षक रामधन, बलवंत, संदीप पुनिया, मनोज यादव, विजय शर्मा आदि थे।

**सरस्वती महोत्सव** | जिला स्तरीय सरस्वती महोत्सव में प्रतियोगिता आयोजित

# क्विज में रोहित व भाषण प्रतियोगिता में रिंकू ने हासिल किया प्रथम स्थान

- क्विज एवं भाषण प्रतियोगिताओं से निखरती है विद्यार्थियों की प्रतिभा : डॉ. दुहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय सरस्वती महोत्सव–2026 के अंतर्गत जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. कमलेश दुहन के निर्देशन एवं प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी के सहयोग से क्विज प्रतियोगिता एवं डिक्लेमेशन (भाषण) प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिताओं में क्विज प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय, हांसी के छात्र रोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि भाषण प्रतियोगिता में गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के छात्र रिंकू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



विजेताओं को सम्मानित करते डीएचईओ डॉ कमलेश दुहन व अन्य प्राध्यापकगण।

### विजेता सम्मानित

क्विज एवं भाषण स्पर्धा में निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन बलजीत सिंह, दुलीचंद, डॉ. नेहा, अनूप सिंह, संदीप कुमार एवं डॉ. सुनीता बामल ने किया। कार्यक्रम के अंत में डीएचईओ डॉ. कमलेश दुहन ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. सुनीता बामल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरस्वती उत्सव कमेटी के संयोजक सोनू, राजकीय कॉलेज, नलवा, डॉ. कमलेश ख्यालिया, राजकीय महाविद्यालय से सदस्य डॉ नेहा आदि थे।



### अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में होली चाइल्ड की सृष्टि ने जीता कांस्य

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 7 की छात्रा सृष्टि ने स्वामी विवेकानंद आश्रम द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित अंतर-विद्यालय अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। सृष्टि की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा को बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता सृष्टि की मेहनत, आत्मविश्वास और अंग्रेजी विभाग के मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रधानाचार्य अनीता पन्नू दलाल ने कहा कि सृष्टि की यह उपलब्धि हमारे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005